निगम के अधिकारी/कर्मचारियों को वेतन देने महापौर परिषद का बड़ा फैसला, देश के सबसे बड़े त्यौहार को देखते हुए संचित निधि में उपलब्ध राशि का किया जाएगा उपयोग, शासन की ओर प्रेषित किया गया पत्र एमआईसी ने की पुष्टि महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में कर्मचारियों के हित को देखते हुए लिया गया निर्णय

भिलाई नगर/ आज महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास तथा अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी की मौजूदगी में संपन्न हुआ। बैठक में सबसे महत्वपूर्ण विषय दीपावली त्यौहार को देखते हुए अधिकारी/कर्मचारियों के वेतन भुगतान को लेकर रहा है। महापौर परिषद ने अधिकारी/कर्मचारियों के हित को देखते हुए तथा आगामी त्योहारों के मद्देनजर संचित निधि में उपलब्ध राशि का उपयोग वेतन भुगतान करने के लिए स्वीकृति दे दी है, सभी सदस्यों ने एक स्वर में इसे स्वीकारा। इसके लिए संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को पत्र प्रेषित किया गया है जिसकी पुष्टि महापौर परिषद ने आज की है। नियमित अधिकारी/कर्मचारियों का वेतन सितंबर माह का जो अक्टूबर में मिलना होता है वह नहीं मिला है। जिसको देखते हुए महापौर परिषद ने सकारात्मक निर्णय अधिकारी/कर्मचारियों के पक्ष में लिया है। अगर बात करें प्लेसमेंट कर्मचारी के वेतन की तो इनके भी वेतन बकाया है, संचालनालय एवं शासन से अनुमति मिलते ही संचित निधि की उपलब्ध राशि में से तनख्वाह का भुगतान कर्मचारियों को किया जाएगा। 9 करोड़ 84 लाख 18 हजार रुपए संचित निधि की उपलब्धि राशि में से वेतन भुगतान किए जाने की स्वीकृति के लिए पत्र शासन की ओर भेजा जा चुका है। एमआईसी के फैसले से अब वेतन भुगतान की राह आसान हो गई है , शासन स्तर पर स्वीकृति प्राप्त होते ही अधिकारी/कर्मचारी के खातों में पैसा आ जाएगा और वह त्यौहार हर्षोल्लास के साथ अपने परिवार के बीच मना पाएंगे तथा त्योहारी खरीदारी भी कर सकेंगे। आज की बैठक में महापौर परिषद के सदस्य सीजू एंथोनी, संदीप निरंकारी, लक्ष्मीपति राजू, साकेत चंद्राकर, मालती ठाकुर, एकांश बंछोर, आदित्य सिंह, केशव चौबे, रीता सिंह गेरा, नेहा साहू, चंद्रशेखर गवई, मन्नान गफ्फार खान, एवं मीरा बंजारे तथा निगम के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।